सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
श्रावण 31, मंगलवार, *शाके* 1945-अगस्त 22, 2023 *Sravana 31, Tuesday , Saka 1945- August 22, 2023*	

भाग-4(क)

राजस्थान विधान मण्डल के अधिनियम।

विधि (विधायी प्रारूपण) विभाग

(ग्रुप-2)

अधिसूचना

जयपुर, अगस्त 18, 2023

संख्या प.2(35)विधि/2/2022.- राजस्थान राज्य विधान-मण्डल का निम्नांकित अधिनियम, जिसे राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 अगस्त, 2023 को प्राप्त हुई, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है:-

राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान अधिनियम, 2023

(2023 का अधिनियम संख्यांक 19)

(राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 17 अगस्त, 2023 को प्राप्त हुई)

राजस्थान राज्य में जोधपुर में राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान की स्थापना और उससे संसक्त और आनुषंगिक विषयों के लिए उपबंध करने के लिए अधिनियम।

यत: विभिन्न विषयों में डिग्रियां प्रदान करने की दृष्टि से और फिनटेक में नवीन ज्ञान विकसित करने और फिनटेक उद्योग के लिए वैश्विक मानकों की कुशल जनशक्ति उपलब्ध कराने के लिए, राज्य में लोक-निजी भागीदारी रीति के अधीन विश्वविद्यालय की प्रास्थिति रखने वाले और भावी महत्ता की संस्था के रूप में उद्योग भागीदारों के सहयोग से एक स्वायत्त, डिग्री प्रदान करने वाले उच्चतर अधिगम केन्द्र की स्थापना और निगमन किया जाना समीचीन है।

भारत गणराज्य के चौहत्तरवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मण्डल निम्नलिखित अधिनियम बनाता है:-

अध्याय-1
प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम, प्रसार और प्रारंभ.- (1) इस अधिनियम का नाम राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान अधिनियम, 2023 है।

(2) इसका प्रसार संपूर्ण राजस्थान राज्य में होगा।

(3) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

2. परिभाषाएं.- इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "बोर्ड" से संस्थान का शासी बोर्ड अभिप्रेत है;

(ख) "चेयरपर्सन" से धारा 8 में निर्दिष्ट संस्थान के शासी बोर्ड का चेयरपर्सन अभिप्रेत है;

(ग) "संकायाध्यक्ष" से धारा 13 के अधीन नियुक्त संकायाध्यक्ष अभिप्रेत है जो संस्थान के शैक्षणिक क्रियाकलापों का प्रभारी होगा;

(घ) "निदेशक" से धारा 10 के अधीन नियुक्त संस्थान का निदेशक अभिप्रेत है;

(ङ) "पुरानी प्रौद्योगिकी की प्रतिस्थापक प्रौद्योगिकी/ उदयीमान प्रौद्योगिकी" से वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योगों/सेक्टर में आगामी प्रौद्योगिक विकास अभिप्रेत हैं;

(च) "कर्मचारी" से संस्थान द्वारा नियुक्त कोई व्यक्ति अभिप्रेत है और इसमें अध्यापक या संकाय सदस्य, कोई प्रशासनिक कर्मचारिवृन्द, कोई अभियंता, या संस्थान के कर्मचारिवृन्द का कोई अन्य सदस्य सम्मिलित है;

(छ) "संकाय सदस्य या संकाय" से शैक्षणिक क्षेत्र से कोई आचार्य, सह-आचार्य, सहायक आचार्य और/या उद्योग क्षेत्र से व्यवसायरत/वृत्तिक आचार्य या संस्थान द्वारा शिक्षा या प्रशिक्षण या मार्गदर्शन देने के लिए या संस्थान में अनुसंधान संचालित करने के लिए, या तो स्थायी तौर पर या संविदात्मक आधार पर, नियोजित या कार्यरत व्यक्ति अभिप्रेत है और इसमें संकायाध्यक्ष और निदेशक सम्मिलित हैं;

(ज) "वित्त अधिकारी" से धारा 14 के अधीन नियुक्त किया गया संस्थान का वित्त अधिकारी अभिप्रेत है;

(झ) "फिनटेक" से बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं को सहारा देने या समर्थ बनाने के लिए प्रयुक्त कम्प्यूटर प्रोग्राम और अन्य प्रौद्योगिकी अभिप्रेत है;

(ञ) "निधि" से धारा 25 के अधीन संधारित संस्थान की निधि अभिप्रेत है;

(ट) "उद्योग भागीदार" से कोई व्यक्ति, या भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 (1882 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 2) के अधीन स्थापित कोई न्यास, या कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 18) के अधीन स्थापित कोई कंपनी, या सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 21) के अधीन बनायी गयी और रजिस्ट्रीकृत सोसाइटी, या भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का केन्द्रीय अधिनियम सं.9) के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई भागीदारी फर्म, या कोई वित्तीय संस्था या ऐसे एक या अधिक उद्योग भागीदारों का कोई संयोजन अभिप्रेत है;

(ठ) "संस्थान" से धारा 3 के अधीन स्थापित विश्वविद्यालय की प्रास्थिति रखने वाला, डिग्री प्रदान करने वाला स्वायत्त उच्चतर अधिगम केंद्र, राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान, अभिप्रेत है;

(ड) "रा.सं.रैं.फ्रे." से विभिन्न विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं के लिए रैंकिंग फ्रेमवर्क के रूप में, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा अनुमोदित और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिग फ्रेमवर्क अभिप्रेत है;

(ढ) "विहित" से विनियमों या, यथास्थिति, नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ण) "लोक-निजी भागीदारी" से राज्य सरकार की स्कीम के अधीन ऐसी भागीदारी अभिप्रेत है जो राज्य सरकार और उद्योग भागीदारों के मध्य सहयोग अंतर्वलित करने वाले संस्थान की स्थापना के लिए उपबंध करती है;

(त) "कुल-सचिव" से धारा 12 के अधीन नियुक्त संस्थान का कुल-सचिव अभिप्रेत है;

(थ) "विनियम" से धारा 32 के अधीन बनाये गये संस्थान के विनियम अभिप्रेत हैं;

(द) "नियम" से इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियम अभिप्रेत हैं;

(ध) "राज्य" से राजस्थान राज्य अभिप्रेत है; और

(न) "वि.अ.आ." से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का केंद्रीय अधिनियम सं. 3) की धारा 4 के अधीन स्थापित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अभिप्रेत है।

अध्याय-2
संस्थान

3. संस्थान की स्थापना और निगमन.- (1) राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान के नाम से एक संस्थान जोधपुर में स्थापित किया जायेगा।

(2) संस्थान शाश्वत उत्तराधिकार और एक सामान्य मुद्रा रखने वाला एक निगमित निकाय होगा, और उक्त नाम से वाद लायेगा और उसके विरुद्ध वाद लाया जा सकेगा।

(3) संस्थान राज्य अधिनियम के अधीन स्थापित विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करेगा, जो लोक-निजी भागीदारी की रीति से उद्योग भागीदारी के लिए खुला होगा।

(4) संस्थान, लोक-निजी भागीदारी के लिए उद्योग भागीदारों की पहचान करने का प्रयास करेगा और लोक-निजी भागीदारी के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव विकसित करेगा।

4. संस्थान का सभी वर्गों और पंथ के लिए खुला होना.- संस्थान लिंग, नस्ल, पंथ या वर्ग का विचार किये बिना समस्त व्यक्तियों के लिए खुला होगा, और संस्थान के लिए यह विधिपूर्ण नहीं होगा कि वह किसी व्यक्ति, जो चाहे कोई भी धार्मिक विश्वास या व्यवसाय या राजनैतिक राय रखता हो, पर संस्थान में एक अध्यापक के रूप में नियुक्त होने या उसके भीतर कोई अन्य पद धारित करने या संस्थान के एक विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लिये जाने या उसके किसी विशेषाधिकार का उपभोग या प्रयोग करने का हकदार बनाने के लिए कोई भी ऐसे परीक्षण को अपनाये या अधिरोपित करे:

परंतु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों, अति पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजन और समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा यथाविनिर्दिष्ट

अन्य प्रवर्गों से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए कर्मचारियों की भर्ती के लिए पदों पर आरक्षण और छात्रों के लिए किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए स्थानों का आरक्षण, राज्य सरकार की तत्समय प्रवृत्त विधियों और आदेशों से विनियमित किया जायेगा।

5. संस्थान के उद्देश्य.- संस्थान के निम्नलिखित उद्देश्य होंगे,-

(क) फिनटेक में उन्नत ज्ञान हेतु शैक्षणिक कार्यक्रम प्रस्तावित करना और कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर डिग्रियां, डिप्लोमे और प्रमाणपत्र प्रदान करना;

(ख) ऐसा संस्थान सृजित करना जो प्रकाशनों तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों हेतु उद्योग-शिक्षाक्षेत्र सहयोगों, अनुसंधान और नवपरिवर्तन के माध्यम से वित्तीय सेक्टर में अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों हेतु एक प्रतिभा पूल सृजित करेगा;

(ग) ऐसी व्यवस्था विकसित करना जो उद्यमशीलता की अभिवृद्धि करे, फिनटेक स्टार्ट- अप्स को सहेजे, छात्रों के रोजगार के अवसरों में वृद्धि करे और संस्थान के पात्र छात्रों को लाभदायक रोजगार अवसरों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखे;

(घ) समावेशी और नवपरिवर्तनशील वृद्धि और विकास के लिए उदयीमान प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक केंद्र को विकसित करना;

(ङ) क्षेत्र में फिनटेक अनुसंधान और फिनटेक की सुदृढ़ वृद्धि के लिए एक हब के रूप में उभरने में राज्य की सहायता करना;

(च) छात्रों के लिए परिवर्तनशील उद्योग-शिक्षा क्षेत्र अनुभव को सृजित करना जो वित्तीय क्षेत्र में पुरानी प्रौद्योगिकी की प्रतिस्थापक प्रौद्योगिकी, समस्या समाधान और प्रौद्योगिकी नेतृत्व पर केन्द्रित हो;

(छ) ऐसा विविध और परिवर्तनकारी समुदाय विकसित करना जो विविध विश्वस्तरीय प्रतिभा को मिलकर काम करने और उन्हें जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हो; और

(ज) सहयोग और विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक पारिस्थितिक तंत्र को सृजित करना जहां अत्याधुनिक का अनुसंधान, सृजनात्मकता, नवपरिवर्तन और उद्यमशीलता का विकास हो सके।

6. संस्थान की शक्तियां और कार्य.- (1) संस्थान की निम्नलिखित शक्तियां और कृत्य होंगे,-

(क) वित्तीय प्रौद्योगिकियों और सहबद्ध विज्ञानों में प्रमाणपत्र, स्नातक, अधिस्नातक और अति-विशिष्ट शाखाओं में अध्यापन और प्रशिक्षण संस्थित करना और ऐसी शाखाओं में अनुसंधान के लिए और ज्ञान के अभिवर्धन और प्रसार के लिए उपबंध करना;

(ख) डिग्रियां, डिप्लोमे, प्रमाणपत्र और अन्य शैक्षणिक उपाधियों को संस्थित करना और प्रदान करना;

(ग) छात्रों को अध्ययन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश देना और परीक्षाएं या परीक्षण संचालित करना और उनके संबंध में शर्तें अधिकथित करना;

(घ) व्यक्तियों को डिग्रियां, डिप्लोमे और अन्य शैक्षणिक उपाधियां प्रदान करने और मंजूर करने के लिए परीक्षाएं करवाना,-

(i) जिन्होंने पाठ्यक्रमानुसार अध्ययन कर लिया है; या

(ii) जिन्होंने संस्थान में/के साथ अनुसंधान कर लिया है;

(ङ) नियमित कार्यक्रमों में नामांकित छात्रों की रोजगार-क्षमता की वृद्धि के लिए, उद्योग के साथ मिलकर एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र सृजित करना और संस्थान के प्रत्येक पात्र छात्र को लाभदायक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना;

(च) विनियमों के अनुसरण में छात्रवृत्तियां, अध्येतावृत्तियां (यात्रा अध्येतावृत्तियों को सम्मिलित करते हुए), अध्ययनवृत्तियां, वृत्तिकाएं, पदक और पुरस्कार संस्थित करना और प्रदान करना;

(छ) अध्यापन और अनुसंधान के केंद्रों, उत्कृष्टता के केंद्रों, पुस्तकालयों की स्थापना, अनुरक्षण और प्रशासन करना;

(ज) फीस और अन्य प्रभारों को नियत और संगृहीत करना;

(झ) अध्यापन संबंधी, प्रशासनिक, मंत्रालयिक, तकनीकी और अन्य आवश्यक पदों को आवश्यकतानुसार सृजित करना और इन पर नियुक्तियां करना;

(ञ) योग्यता और अनुसंधान के कार्यों के प्रकाशन की जिम्मेदारी लेना;

(ट) उद्योग-प्रायोजित अनुसंधान केंद्र के रूप में कार्य करना;

(ठ) संस्थान से किसी भी रीति से जुड़ी हुई या उसमें निहित संपत्ति के विषय में संव्यवहार करना जो इसके उद्देश्यों के संप्रवर्तन हेतु आवश्यक समझी जाये;

(ड) वित्तीय प्रोद्योगिकियों और सहबद्ध क्षेत्रों में उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान के संचालन में, अन्य संस्थाओं, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों, से सहकार और सहयोग करना; और

(ढ) संस्थान के उद्देश्यों को अग्रसर करने के क्रम में जैसा भी आवश्यक हो, कोई अन्य कार्य या बात करना:

परंतु संस्थान-

(i) राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी के सिवाय संस्थान की किसी स्थावर सम्पत्ति का बंधक, विक्रय, विनिमय, दान से या अन्यथा हस्तांतरण नहीं करेगा; और

(ii) राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के सिवाय या राज्य सरकार के किसी सामान्य या विशेष आदेश के अनुसार के सिवाय संस्थान में कोई पद सृजित नहीं करेगा।

(2) संस्थान, शासी बोर्ड के पूर्वानुमोदन से, शिक्षाक्षेत्र और उद्योग दोनों से अध्यापन और गैर-अध्यापन कर्मचारिवृंद या तो स्थायी या संविदात्मक आधार पर नियुक्त कर सकेगा। संस्थान

कतिपय क्रियाकलापों और सुविधाओं को, जो शासी बोर्ड द्वारा उपयुक्त समझी जायें आउटसोर्स भी कर सकेगा।

(3) संस्थान के कर्मचारियों के विभिन्न प्रवर्गों के वेतन और अन्य भत्ते ऐसे होंगे जो समय-समय पर शासी बोर्ड द्वारा, वित्त और उपापन समिति की सहमति से, चयन समिति के सुझावों पर अवधारित किये जायें।

अध्याय-3
संस्थान के अधिकारी

7. संस्थान के अधिकारी.- संस्थान के निम्नलिखित अधिकारी होंगे, अर्थात्:-

(क) संस्थान का चेयरपर्सन;

(ख) निदेशक;

(ग) कुल-सचिव;

(घ) संकायाध्यक्ष;

(ङ) वित्त अधिकारी; और

(च) ऐसे अन्य अधिकारी जो विनियमों द्वारा विहित किये जायें।

8. चेयरपर्सन.- (1) उद्योग या शिक्षाक्षेत्र का कोई विख्यात व्यक्ति संस्थान का चेयरपर्सन होगा और वह शासी बोर्ड का भी चेयरपर्सन होगा।

(2) चेयरपर्सन की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशन के आधार पर होगी।

(3) चेयरपर्सन की पदावधि तीन वर्ष होगी।

9. चेयरपर्सन की शक्तियां और कृत्य.- (1) चेयरपर्सन की शक्तियां और कृत्य निम्नलिखित होंगे,-

(क) यह सुनिश्चित करना कि संस्थान के कार्यकलापों का प्रशासन इस अधिनियम और विनियमों के उपबंधों के अनुसार संचालित किया जा रहा है और ऐसे कदम उठाना, जो वह उचित समझे;

(ख) ऐसी सूचना या अभिलेख मंगाना जो संस्थान के कार्यकलापों के प्रशासन से संबंधित हों;

(ग) संस्थान की शैक्षणिक प्रगति का पुनर्विलोकन करना और सुनिश्चित करना कि यह संस्थान के उद्देश्यों के अनुरूप है;

(घ) संस्थान को संबंधित उद्योग के अग्रणी खिलाडियों और विश्व प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थाओं के साथ कड़ी स्थापित करने में सहायता करना;

(ङ) बैठक से पूर्व या उसके दौरान किसी भी समय कार्यसूची में कारबार की नयी मदों या जो विचार किये जाने के लिए कार्यसूची में सम्मिलित हैं उनकी अनुपूरक मदों को सम्मिलित करना; और

(च) ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करना और ऐसे अन्य कृत्य संपादित करना, जो विनियमों के अधीन विहित किये जायें या शासी बोर्ड द्वारा उसे प्रत्यायोजित किये जायें।

(2) चेयरपर्सन अपनी शक्तियों में से किसी को संस्थान के निदेशक को प्रत्यायोजित कर सकेगा।

(3) चेयरपर्सन संस्थान के बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेगा।

(4) संस्थान की बैठकें चेयरपर्सन के निदेशों के अनुसार बुलायी जायेंगी।

10. संस्थापक निदेशक और निदेशक.- (1) राज्य सरकार द्वारा शिक्षाक्षेत्र या उद्योग की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं में से संस्थान का संस्थापक निदेशक नामनिर्दिष्ट किया जायेगा। संस्थान का संस्थापक निदेशक नियुक्ति की तिथि से तीन वर्ष की कालावधि के लिए नियुक्त किया जायेगा।

(2) संस्थान के निदेशक का पद, लोक विज्ञापन द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया द्वारा भरा जायेगा। निम्नलिखित से मिलकर बनी चयन समिति की सिफारिश पर चेयरपर्सन द्वारा निदेशक नियुक्त किया जायेगा,-

(क)	संस्थान का चेयरपर्सन	-	पदेन चेयरपर्सन;
(ख)	सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग का प्रभारी शासन सचिव	-	पदेन सदस्य;
(ग)	संस्थान के चेयरपर्सन द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले उद्योग या शिक्षाक्षेत्र से तीन विशेषज्ञ, जो पहले से ही शासी बोर्ड के भाग हों	-	पदेन सदस्य;
(घ)	उद्योग और शिक्षाक्षेत्र प्रत्येक में से राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले दो विशेषज्ञ	-	सदस्य;

स्पष्टीकरण.- इस उप-धारा के प्रयोजनों के लिए अभिव्यक्ति "प्रभारी शासन सचिव" से विभाग का प्रभारी शासन सचिव अभिप्रेत है और उसमें अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव सम्मिलित हैं जब वह उस विभाग का प्रभारी हो।

(3) (क) निदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए केवल ऐसा व्यक्ति पात्र होगा जिसके पास पी.एच.डी. या शिक्षा क्षेत्र और/या उद्योग में विशिष्ट कैरियर के साथ समतुल्य उच्च स्तर की शैक्षणिक/उद्योग की उपलब्धि हो, वि.अ.आ. के मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार संस्था निर्माण का अनुभव हो और जिसने उच्च गुणवत्ता के रेफरीड प्रकाशनों, पेटेंट और पॉलिसी प्रभाव के माध्यम से ज्ञान और पद्धति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।

(ख) निदेशक, उस तारीख से, जिसको वह पदभार ग्रहण करता है, पांच वर्ष की अवधि के लिए या उसके सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, जो भी पहले हो, पद धारित करेगा:

परंतु वही व्यक्ति दूसरी अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा।

(4) निदेशक, चेयरपर्सन को संबोधित स्वहस्ताक्षरित लेख द्वारा अपने पद का त्याग कर सकेगा और चेयरपर्सन द्वारा उसकी स्वीकृति होने पर उसका पद धारण करना समाप्त हो जायेगा।

(5) चयन समिति यथाशक्य, ऐसी तारीख से कम से कम नब्बे दिवस पूर्व जिस पर अवधि के अवसान के कारण निदेशक के पद की रिक्ति होने वाली हो या उप-धारा (4) के अधीन त्यागपत्र देने पर और जब कभी भी ऐसा अपेक्षित हो तथा ऐसी तारीख से पूर्व जो चेयरपर्सन द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये निदेशक का पद धारित कर सकने वाले तीन से अनधिक व्यक्तियों के नाम चेयरपर्सन को प्रस्तुत करेगी। नाम प्रस्तुत करते समय, समिति इस प्रकार सिफारिश किये गये प्रत्येक व्यक्ति की अर्हताओं को दर्शित करते हुए एक संक्षिप्त विवरण भी चेयरपर्सन को अग्रेषित करेगी किंतु उसमें प्राथमिकता का कोई क्रम इंगित नहीं करेगी।

(6) जहां चेयरपर्सन, चयन समिति द्वारा सिफारिश किये गये किसी एक या अधिक व्यक्तियों को निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए उपयुक्त नहीं समझता है या यदि सिफारिश किये गये एक या अधिक व्यक्ति नियुक्ति के लिए उपलब्ध नहीं है/हैं और निदेशक के पद के लिए विकल्प तीन व्यक्तियों से कम तक निर्बंधित है, तो वह समिति से उप-धारा (3) के उपबंधों के अनुसार नये नामों की सूची प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगा।

(7) समिति का कोई कार्य या कार्यवाही मात्र, उसके सदस्यों में भी किसी रिक्ति या रिक्तियों के कारण या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा कार्यवाही में भाग लिये जाने के कारण जो बाद में यह पाया जाये कि वह ऐसा करने का हकदार नहीं था, अविधिमान्य नहीं होगी।

(8) निम्नलिखित परिस्थितियों में से किसी में (जिनके विद्यमान होने के कारण चेयरपर्सन एकमात्र न्यायाधीश होगा) चेयरपर्सन अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से छह मास से अनधिक की अवधि के लिए निदेशक के पद पर किसी उपयुक्त व्यक्ति को नियुक्त कर सकेगा:-

(क) जहां निदेशक के पद की कोई रिक्ति होती है और वह उप-धारा (1) से (6) के उपबंधों के अनुसार सुविधाजनक रूप से और शीघ्रता से नहीं भरी जा सकती है; या

(ख) किसी अन्य आपातकाल की स्थिति में।

(9) निदेशक की अनुपस्थिति में सं स्थान का वरिष्ठतम आचार्य निदेशक के कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

(10) इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, निदेशक की परिलब्धियां और सेवा की अन्य शर्तें ऐसी होंगी जो संस्थान के विनियमों द्वारा अवधारित की जायें और इस निमित्त शासी बोर्ड द्वारा सामान्य या विशेष आदेश द्वारा अनुमोदित हों।

(11) बोर्ड ऐसे निदेशक को पद से हटा सकेगा, जो-

(क) दिवालिया के रूप में न्यायनिर्णीत किया गया हो; या

(ख) बोर्ड की राय में नैतिक अधमता अन्तर्वलित किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो; या

(ग) निदेशक के रूप में कार्य करने में शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम हो गया हो; या

(घ) ऐसा वित्तीय या अन्य हित अर्जित कर लिये जाने पर जिससे निदेशक के रूप में उसके कार्य करने पर प्रतिकूल प्रभाव की सम्भाव्यता हो; या

(ङ) अपने पद का इस प्रकार दुरुपयोग किये जाने पर या इस तरह से आचरण किये जाने पर जिससे उसका पद पर निरंतर बने रहना, लोक हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला हो:

परन्तु निदेशक को पद से नहीं हटाया जायेगा सिवाय बोर्ड के द्वारा संस्थित जांच के बाद एक आदेश द्वारा, जिसमें निदेशक को उसके विरुद्ध आरोपों के बारे में बताया गया हो और उसे उन आरोपों के संबंध में सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर दिया गया हो।

11. संस्थापक निदेशक और निदेशक की शक्तियां और कृत्य.- (1) संस्थापक निदेशक/निदेशक संस्थान का प्रमुख कार्यकारी और शैक्षणिक अधिकारी होगा।

(2) उप-धारा (1) में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना निदेशक,-

(क) चेयरपर्सन की अनुपस्थिति में, बैठकों की अध्यक्षता करेगा;

(ख) संस्थान के कार्यकलापों का साधारण पर्यवेक्षण और नियंत्रण करेगा;

(ग) संस्थान की निरंतर प्रगति के लिए युक्तिपूर्ण दृष्टिकोण, योजना और नेतृत्व की व्यवस्था करेगा;

(घ) संस्थान के प्राधिकारियों के विनिश्चयों के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगा;

(ङ) संस्थान के पात्र, नियमित छात्रों के लिए लाभप्रद नियोजन अवसर प्रदान करने के साथ पाठ्य विवरण सृजन और वास्तविक समय पुनरीक्षण के लिए ख्याति प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं के साथ सहयोग करने के लिए उत्तरदायी होगा;

(च) संस्थान के संकाय विकास की पहल के लिए उत्तरदायी होगा;

(छ) संस्थान में अनुदेश देने और अनुशासन बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होगा;

(ज) किसी व्यक्ति को, ऐसे प्रयोजन के लिए जो संस्थान के हित में आवश्यक हो, तीन वर्ष से अनधिक की कालावधि के लिए बोर्ड के अनुमोदन से लगा सकेगा;

(झ) गुणवत्ता मानकों पर वास्तविक शैक्षणिक/संस्थागत मानिटरिंग के लिए उत्तरदायी होगा;

(ञ) प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिए संस्थागत विकास योजना (आई.डी.पी.) की तैयारी और दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों से अनुरूपता के लिए उत्तरदायी होगा; और

(ट) कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निधिकरण, प्रायोजित अनुसंधान, उद्योग सहयोग, संयुक्त प्रमाणन इत्यादि जैसे स्रोतों से निधियां प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(3) जहां कोई मामला तत्काल प्रकृति का है जिसमें तुरंत कार्रवाई अपेक्षित है और वह संस्थान के किसी अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा, जो इस अधिनियम के द्वारा या अधीन उस पर कार्रवाई करने के लिए सशक्त है, तत्काल कार्रवाई नहीं की जा सकती हो वहां, निदेशक ऐसी कार्रवाई कर सकेगा जो वह उचित समझे और उसके द्वारा की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट तत्काल चेयरपर्सन को प्रस्तुत करेगा और उस अधिकारी या प्राधिकारी को भी करेगा जो समान्य अनुक्रम में मामले पर कार्रवाई करता:

परंतु यदि ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी की यह राय है कि निदेशक द्वारा ऐसी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए थी, वह मामले को चेयरपर्सन को निर्देशित कर सकेगा, जो निदेशक द्वारा की गयी कार्रवाई को या तो पुष्ट कर सकेगा या उसे बातिल कर सकेगा या ऐसी रीति से, जो वह उचित समझे, उपांतरित कर सकेगा और तदुपरि यह प्रभावी नहीं रहेगा या, यथास्थिति, इसका उपांतरित रूप में प्रभाव होगा:

परंतु यह और कि ऐसे बातिलकरण या उपांतरण का, जैसा पूर्ववर्ती परन्तुक में निर्दिष्ट है, निदेशक के आदेश के अधीन या द्वारा पूर्व में किये गये किसी कार्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं होगा।

(4) निदेशक ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग और ऐसे अन्य कृत्यों का पालन करेगा जो उसे बोर्ड के चेयरपर्सन या किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा समनुदेशित किये जायें।

(5) निदेशक संस्थान से संबंधित समस्त मामलों के संचालन और प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होगा।

12. कुल-सचिव.- (1) कुल-सचिव संस्थान का मुख्य प्रशासनिक अधिकारी होगा। वह प्रत्यक्षत: निदेशक के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण के अधीन कार्य करेगा।

(2) इस अधिनियम या तत्समय प्रवृत्त किसी भी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, कुल-सचिव राज्य सरकार द्वारा या तो राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों (सुपर टाईम वेतनमान से अनिम्न) में से प्रतिनियुक्ति द्वारा या विनियमों द्वारा यथाविहित लोक विज्ञापन के माध्यम से, निम्नलिखित से मिलकर बनी चयन समिति द्वारा संचालित साक्षात्कार प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा-

(क)	निदेशक	- पदेन चेयरपर्सन;
(ख)	सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग का प्रभारी शासन सचिव	- पदेन सदस्य; और
(ग)	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले उद्योग या शिक्षाक्षेत्र से तीन विशेषज्ञ	- सदस्य।

स्पष्टीकरण.- इस उप-धारा के प्रयोजनों के लिए अभिव्यक्ति "प्रभारी शासन सचिव" से किसी विभाग का प्रभारी शासन सचिव अभिप्रेत है और इसमें कोई अतिरिक्त मुख्य सचिव और कोई प्रमुख सचिव, जब वह किसी विभाग का प्रभारी हो, सम्मिलित है।

(3) कुल-सचिव संस्थान का पूर्णकालिक अधिकारी होगा। कुल-सचिव की सेवा के निबंधन और शर्तें ऐसी होंगी जो विनियमों द्वारा विहित की जायें।

(4) कुल-सचिव-

(क) शासी बोर्ड और निदेशक के समस्त निदेशों और आदेशों का पालन करेगा;

(ख) संस्थान के अभिलेखों, सामान्य मुद्रा और ऐसी अन्य संपत्ति का अभिरक्षक होगा जिसे शासी बोर्ड उसके भारसाधन में सुपुर्द करे। वह बोर्ड का पदेन सदस्य-सचिव होगा। वह

बोर्ड और विद्या परिषद् के समक्ष ऐसी समस्त सूचनायें रखेगा जो इसके कारबार के संव्यवहार के लिए आवश्यक हों। वह संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदनों को प्राप्त करेगा और समस्त पाठ्य विवरण, पाठ्यचर्या और ऐसी अन्य सूचना, जो आवश्यक समझी जाये, का स्थायी अभिलेख रखेगा;

(ग) शासी बोर्ड, विद्या परिषद्, वित्त और उपापन समिति, संकायों और संस्थान के किसी प्राधिकारी द्वारा नियुक्त किसी समिति की समस्त बैठकों के कार्यवृत्त रखेगा;

(घ) शासी बोर्ड और विद्या परिषद् का शासकीय पत्र-व्यवहार संचालित करेगा;

(ङ) जब न तो चेयरपर्सन न ही सम्यक् रूप से प्राधिकृत अधिकारी कार्य करने और संस्थान के कार्य के लिए इसके निदेश लेने में समर्थ हो, तब आपातकाल में तत्काल शासी बोर्ड की बैठक बुलायेगा;

(च) अपने कर्तव्यों और कृत्यों के समुचित निर्वहन के लिए प्रत्यक्षत: निदेशक के प्रति उत्तरदायी होगा; और

(छ) ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करेगा जो शासी बोर्ड या निदेशक द्वारा समय-समय पर उसको समनुदेशित किये जायें।

(5) किसी कारणवश कुल-सचिव का पद रिक्त रहने की दशा में, निदेशक, कुल-सचिव की ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों और कर्तव्यों का पालन करने के लिए, जैसा निदेशक उचित समझे, संस्थान की सेवा में के किसी अधिकारी को प्राधिकृत कर सकेगा।

13. संकायाध्यक्ष.- (1) संस्थान का एक संकायाध्यक्ष होगा, जिसे बोर्ड संस्थान के वरिष्ठ आचार्यों में से नियुक्त करेगा। वह तीन वर्ष के लिए पद धारित करेगा और पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र हो सकेगा।

(2) संकायाध्यक्ष संस्थान के शैक्षणिक मामलों में निदेशक की सहायता करेगा और ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का पालन करेगा जो विनियमों द्वारा विहित किये जायें।

14. वित्त अधिकारी.- (1) संस्थान के लिए एक वित्त अधिकारी होगा जिसे निदेशक, शासी बोर्ड की सिफारिश पर नियुक्त करेगा और उसका पारिश्रमिक और भत्ते ऐसे होंगे जो विनियमों द्वारा विहित किये जायें।

(2) इस अधिनियम या तत्समय प्रवृत्त किसी भी अन्य विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, वित्त अधिकारी या तो राज्य सरकार द्वारा राजस्थान लेखा सेवा के अधिकारियों (सुपर टाईम वेतनमान से अनिम्न) में से प्रतिनियुक्ति द्वारा या विनियमों द्वारा यथाविहित लोक विज्ञापन के माध्यम से धारा 12 के अधीन चयन समिति द्वारा संचालित की गयी साक्षात्कार प्रक्रिया द्वारा नियुक्त किया जायेगा और पद नियतकालिक संविदा आधार पर भी भरा जा सकेगा।

(3) वित्त अधिकारी के निम्नलिखित कर्तव्य होंगे, अर्थात्:-

(क) यह सुनिश्चित करना कि संस्थान द्वारा कोई ऐसा व्यय उपगत नहीं किया गया है जो बजट में प्राधिकृत नहीं किया गया है;

(ख) ऐसे किसी प्रस्तावित व्यय को नामंजूर करना जो इस अधिनियम या तदधीन बनाये गये विनियमों के उपबंधों का उल्लंघन करता हो;

(ग) यह सुनिश्चित करना कि कोई वित्तीय अनियमितता नहीं की गयी है और लेखा परीक्षा के दौरान या अन्यथा सामने आयी किसी अनियमितता को ठीक करने के लिए कदम उठाना;

(घ) यह सुनिश्चित करना कि संस्थान की संपत्ति और विनिधान सम्यक् रूप से संरक्षित और प्रबंधित किये जायें; और

(ङ) ऐसे अन्य कृत्यों का पालन करना जो चेयरपर्सन या शासी बोर्ड द्वारा उसे समनुदेशित किये जायें।

(4) वित्त अधिकारी को संस्थान के ऐसे अभिलेखों और दस्तावेजों तथा ऐसे कार्यकलापों से संबंधित ऐसी सूचना तक पहुंच का अधिकार होगा और उन्हें प्रस्तुत कराने की अपेक्षा कर सकेगा जो उसकी राय में उसके कर्तव्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक हों।

(5) वित्त अधिकारी की अन्य शक्तियां और कृत्य ऐसे होंगे जो विनियमों द्वारा विहित किये जायें।

अध्याय-4
संस्थान के प्राधिकारी

15. संस्थान के प्राधिकारी.- संस्थान के निम्नलिखित प्राधिकारी होंगे, अर्थात्:-

(क) शासी बोर्ड;

(ख) विद्या परिषद्;

(ग) वित्त और उपापन समिति;

(घ) प्रवेश समिति;

(ङ) परीक्षा समिति;

(च) चयन समिति;

(छ) आउटरीच और उद्योग सहयोग समिति; और

(ज) ऐसे अन्य प्राधिकारी जो विनियमों द्वारा संस्थान के प्राधिकारी होना विहित किये जायें।

16. शासी बोर्ड.- (1) शासी बोर्ड संस्थान का प्रमुख शासी निकाय होगा और निम्नलिखित से मिलकर बनेगा-

(क)	संस्थान का चेयरपर्सन	-	पदेन चेयरपर्सन;
(ख)	वित्त विभाग का प्रभारी शासन सचिव	-	पदेन सदस्य;
(ग)	सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग का प्रभारी शासन सचिव	-	पदेन सदस्य;
(घ)	राज्य सरकार द्वारा की गयी सिफारिश पर संस्थान के चेयरपर्सन द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले लगातार कुल मिलाकर एनआईआरएफ-100 रैंकिंग वाले संस्थानों/विश्वविद्यालयों से दो निदेशक/कुलपति	-	पदेन सदस्य;
(ङ)	राज्य सरकार द्वारा की गयी सिफारिश पर संस्थान के चेयरपर्सन द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले वित्त/सूचना प्रौद्योगिकी/दूरसंचार सेक्टर से तीन प्रख्यात व्यक्तित्व	-	सदस्य;
(च)	राज्य सरकार द्वारा की गयी सिफारिश पर संस्थान के चेयरपर्सन द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले उद्योग या शिक्षाक्षेत्र से तीन प्रख्यात व्यक्तित्व	-	सदस्य;
(छ)	निदेशक	-	पदेन सदस्य;
(ज)	कुल-सचिव	-	पदेन सदस्य-सचिव; और
(झ)	संकायाध्यक्ष	-	पदेन सदस्य।

स्पष्टीकरण.- इस उप-धारा के प्रयोजनों के लिए अभिव्यक्ति "प्रभारी शासन सचिव" से विभाग का प्रभारी शासन सचिव अभिप्रेत है और उसमें कोई अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव, जब वह किसी विभाग का प्रभारी हो, सम्मिलित है।

(2) किसी पदेन सदस्य की पदावधि तब तक रहेगी जब तक उसके पदाभिधान से वह एक सदस्य है।

(3) उप-धारा (1) के खण्ड (ङ) और (च) के अधीन नामनिर्दिष्ट सदस्य की पदावधि उसके नामनिर्देशन करने की तारीख से दो वर्ष होगी।

(4) आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए नामनिर्दिष्ट सदस्य की पदावधि उस सदस्य की, जिसके स्थान पर इसको नामनिर्दिष्ट किया गया है, शेष अवधि के लिए जारी रहेगी।

(5) बोर्ड की बैठक तीन मास में कम से कम एक बार ऐसे समय और स्थान पर होगी जो चेयरपर्सन समय-समय पर अवधारित करे।

(6) किसी बैठक में कार्य संचालन या अन्यथा या अपनी शक्तियों के प्रयोग या अपने कृत्यों के पालन के लिए बोर्ड द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया ऐसी होगी जो नियमों द्वारा विहित की जाये।

(7) ऐसे नियंत्रण और निर्बन्धनों, जो नियमों द्वारा विहित किये जायें, के अध्यधीन रहते हुए बोर्ड, इस अधिनियम के अधीन किसी शक्ति के प्रयोग या किसी कृत्य के पालन के लिए ऐसी समितियां, जो वह उचित समझे, गठित कर सकेगा।

17. बोर्ड की शक्तियां और कृत्य.- (1) इस अधिनियम में यथा अन्यथा उपबंधित के सिवाय, बोर्ड, संस्थान के कार्यकलापों के साधारण अधीक्षण, निदेश और नियंत्रण के लिए उत्तरदायी होगा।

(2) उप-धारा (1) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, बोर्ड-

(क) संस्थान के कार्यकलापों और कार्यकरण के प्रशासन से संबंधित नीति के मामलों पर संस्थान के विनिश्चयों के कार्यान्वयन के लिए कदम उठायेगा;

(ख) उद्योग की परिवर्तनशील आवश्यकताओं के अनुरूप संस्थान में पाठ्यक्रमानुसार अध्ययन संस्थित करेगा और संस्थान द्वारा संचालित परीक्षाओं से संबंधित मामलों सहित समस्त शैक्षणिक मामलों पर विद्या परिषद् की सलाह पर विनिश्चय लेगा;

(ग) संस्थान की निरंतर प्रगति के लिए नीतिगत परिकल्पना, योजना और नेतृत्व प्रदान करेगा;

(घ) संस्थान की संपत्ति और निधियों को धारित और नियंत्रित करेगा;

(ङ) संस्थान के निमित्त कोई जंगम या स्थावर संपत्ति अर्जित कर सकेगा;

(च) विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए संस्थान के व्ययन के अधीन रखी गयी किसी निधि की व्यवस्था करेगा;

(छ) संस्थान के अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों के पदों को सृजित या समाप्त कर सकेगा;

(ज) संस्थान के वित्त, लेखा, विनिधान, संपत्ति, कारबार और समस्त अन्य प्रशासनिक कार्यकलापों का प्रबंध और विनियमन कर सकेगा और इस प्रयोजन के लिए, ऐसा अभिकर्ता, नियुक्त कर सकेगा, जो वह उचित समझे;

(झ) संस्थान के धन (विन्यास संपत्ति से किसी आय को सम्मिलित करते हुए) का ऐसे स्टॉक, निधियों, अंशों या प्रतिभूतियों में विनिधान कर सकेगा जो वह समय-समय पर उचित समझे;

(ञ) संस्थान के निमित्त संविदाएं कर सकेगा, उनमें शामिल हो सकेगा, उनमें परिवर्तन, उनका क्रियान्वयन और रद्दकरण कर सकेगा; और

(ट) संस्थान के हित में उन मामलों पर कोई अन्य विनिश्चय कर सकेगा, जो इस अधिनियम के उपबंधों या तदधीन बनाए गए विनियमों से असंगत न हों।

18. विद्या परिषद्.- (1) विद्या परिषद् निम्नलिखित से मिलकर बनेगी-

(क)	निदेशक	-पदेन चेयरपर्सन;
(ख)	कुल-सचिव	-पदेन सदस्य;
(ग)	संकायाध्यक्ष	-पदेन सदस्य-सचिव;
(घ)	अध्यापन विभागों के समस्त प्रधान	-पदेन सदस्य;
(ङ)	राज्य सरकार की सिफारिश पर, चेयरपर्सन द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले वित्त/सूचना प्रौद्योगिकी/ दूरसंचार सेक्टर से तीन व्यक्ति	-सदस्य; और
(च)	राज्य सरकार की सिफारिश पर चेयरपर्सन द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले भारत या	

विदेश से तीन विख्यात शिक्षाविद् -सदस्य।

(2) विद्या परिषद् निम्नलिखित कृत्य संपादित करेगी, अर्थात्:-

(क) विभिन्न विभागों के लिए अध्ययन के पाठ्यक्रमों हेतु पाठ्यचर्या और पाठ्य वि वरण तैयार करना और उनमें परिवर्तनों की सिफारिश करना;

(ख) यह सुनिश्चित करना कि पाठ्यक्रम उद्योग के लिए अनुकूल हों और उद्योग के साथ निकट सहयोग में निष्पादित हो रहे हों;

(ग) उद्योग संगम के साथ पाठ्यक्रमों और विद्यालयों की योजना बनाने और प्रारंभ करने का प्रयास करना;

(घ) यह सुनिश्चित करना कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम ऑनलाइन/डिजिटल अधिगम में शिथिलीकरण और विकास का उपयोग कर रहे हैं;

(ङ) कैरियर परामर्श सहायता सहित व्यक्तिगत अधिगम को समर्थ बनाना;

(च) समस्त पाठ्यक्रमों में विरचनात्मक निर्धारणों को समर्थ बनाना;

(छ) परीक्षाओं के संचालन के लिए व्यवस्था करना;

(ज) विभागों के कार्यकरण के संबंध में शैक्षणिक मामलों पर सिफारिशें करना;

(झ) विद्या परिषद् के सदस्यों, संस्थान के अन्य अध्यापकों और बाह्य विशेषज्ञों में से, ऐसे विनिर्दिष्ट मामलों पर उप-समितियां नियुक्त करना जो विद्या परिषद् द्वारा ऐसी उप-समिति को निर्दिष्ट किये जायें;

(ञ) उप-समितियों की सिफारिशों पर विचार करना और बोर्ड को यथोचित सिफारिशें करने सहित प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के अनुसार अपेक्षित कार्रवाई करना;

(ट) विभागों के क्रियाकलापों का आवधिक पुनर्विलोकन करना और यदि आवश्यक हो तो बोर्ड को यथोचित सिफारिशें करना;

(ठ) पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केन्द्रों आदि के कार्यकरण पर सलाह देना;

(ड) संस्थान के भीतर अनुसंधान प्रोत्साहित करना और चिंतन-आविष्कार-क्रियान्वयन की संस्कृति का संवर्धन करना;

(ढ) शैक्षणिक कर्मचारिवृंद द्वारा किये जाने वाले परामर्श कार्य के संबंध में अनुसरण की जाने वाली साधारण नीति पर सलाह देना;

(ण) कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और इनकी शाखाओं के निरीक्षण हेतु उपबंध करना और उसकी रिपोर्ट बोर्ड को प्रस्तुत करना; और

(त) पारितोषिकों से जुड़ी शर्तों के अनुसार वृत्तियां, अध्येतावृत्तियां, छात्रवृत्तियां, शुल्क मुक्तियां, पदक और पुरस्कार आदि प्रदान करना।

(3) शैक्षणिक संव्यवहारों और अध्यापन-अधिगम की उभरती आवश्यकताओं के पुनर्विलोकन के लिए, विद्या परिषद्, जितनी बार आवश्यक हो, किन्तु जो एक कैलेण्डर वर्ष के दौरान चार बार से अन्यून बैठकें करेगी।

(4) विद्या परिषद् की बैठक, परिषद् के सदस्य-सचिव द्वारा या तो स्वप्रेरणा से या निदेशक के निदेश पर या विद्या परिषद् के कम से कम पांच सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित अध्यपेक्षा पर बुलायी जाएगी।

(5) विद्या परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या के आधे से गणपूर्ति होगी।

(6) बैठक से कम से कम एक सप्ताह पूर्व सदस्य-सचिव द्वारा प्रत्येक बैठक की कार्यसूची सहित एक लिखित नोटिस, विद्या परिषद् के सदस्यों में परिचालित किया जायेगा। विद्या परिषद् का चेयरपर्सन कार्यसूची

पर ऐसी किसी मद को सम्मिलित करने की अनुज्ञा दे सकेगा, जिसके लिए सम्यक् रूप से नोटिस नहीं दिया गया हो।

(7) चेयरपर्सन अत्यावश्यक या विशेष मुद्दों पर विचार करने के लिए, उप-धारा (6) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, अल्प सूचना पर विद्या परिषद् की एक आपात बैठक बुला सकेगा।

(8) विद्या परिषद् के चेयरपर्सन का विनिश्चय समस्त मामलों के संबंध में अंतिम होगा।

(9) विद्या परिषद् के कार्यवृत्त सदस्य-सचिव द्वारा तैयार किये जायेंगे और बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों के मध्य परिचालित किये जायेंगे।

19. वित्त और उपापन समिति.- (1) वित्त और उपापन समिति निम्नलिखित से मिलकर बनेगी-

(क)	निदेशक	- पदेन चेयरपर्सन;
(ख)	कुल-सचिव	- पदेन सदस्य-सचिव;
(ग)	वित्त अधिकारी	- पदेन सदस्य; और
(घ)	शासी बोर्ड द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला एक सदस्य	- सदस्य।

(2) वित्त और उपापन समिति, संस्थान की आय और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए, आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आवर्ती और अनावर्ती व्यय के संबंध में अनुपालन किये जाने वाले सिद्धांतों की सीमाओं सहित, संस्थान की संपत्ति और निधियों के प्रशासन से संबंधित मामलों पर बोर्ड को सलाह देगी।

(3) वित्त और उपापन समिति संस्थान के निमित्त समस्त उत्पादों तथा सेवाओं के उपापन संबंधी समस्त विनिश्चय करेगी।

(4) वित्त और उपापन समिति के ऐसे अन्य कृत्य और शक्तियां होंगी जो उसके कृत्यों, जो नियमों द्वारा विहित किये जायें, के निर्वहन के लिए अपेक्षित हों।

20. आउटरीच और उद्योग सहयोग समिति.- (1) आउटरीच और उद्योग सहयोग समिति चेयरपर्सन के रूप में संस्थान के निदेशक और ऐसे अन्य सदस्यों से मिलकर बनेगी जो विनियमों के अधीन विहित किये जायें।

(2) आउटरीच और उद्योग सहयोग समिति निम्नलिखित सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेगी-

(क) गुणवत्ता रखने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों तक पहुंच बढ़ाना और उन्हें आकर्षित करना;

(ख) संस्थान की समग्र ब्रांडिंग और उसकी वास्तविक समीक्षा करना;

(ग) उद्योग की सदैव परिवर्तनशील आवश्यकताओं के अनुसार, संस्थान के पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या की परिकल्पना करने के क्रम में उद्योग और शैक्षणिक मार्गदर्शकों को जोड़ना; और

(घ) समस्त पात्र छात्रों को उनके पूर्णकालिक कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर संस्थान के उद्योग भागीदारों के माध्यम से, लाभप्रद नियोजन का अवसर प्राप्त हो।

(3) समिति उप-धारा (2) में उल्लिखित विषयों से संबंधित समस्त विनिश्चय विद्या परिषद् और शासी बोर्ड के अनुमोदन के अध्यधीन रहते हुए करेगी।

21. अन्य प्राधिकारी.- संस्थान की प्रवेश समिति, परीक्षा समिति और अन्य प्राधिकारियों का गठन, शक्तियां और कृत्य ऐसे होंगे, जो नियमों द्वारा विहित किये जायें।

अध्याय-5
संस्थान के कर्मचारिवृंद

22. संस्थान के कर्मचारिवृंद.- (1) संस्थान इतने पदों के विरुद्ध, जो समय-समय पर शासी बोर्ड द्वारा मंजूर किये जायें, कर्मचारियों को नियुक्त करेगा। संस्थान के कर्मचारियों के निबंधन और सेवा की शर्तें ऐसी होंगी, जो विनियमों में उपबंधित की जायें।

(2) संस्थान, भारत या विदेश से संबंधित उद्योगों में से अभिप्रेरित और सक्षम व्यक्तियों और प्रख्यात शिक्षाविदों को आकर्षित करने का प्रयास करेगा।

(3) संस्थान के हित में, पात्र सरकारी सेवकों को सरकारी मानकों और शर्तों के अनुसार प्रतिनियुक्ति के आधार पर या सेवा से स्थानांतरण द्वारा नियुक्त किया जा सकेगा।

(4) सुसंगत विनियमों में उल्लिखित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, बोर्ड समय-समय पर पदों को सृजित या समाप्त, जैसा वह उचित समझे, कर सकेगा।

23. संकाय सदस्यों, अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति.- (1) इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, ऐसी संख्या में आचार्यों, सह-आचार्यों, सहायक आचार्यों और अधिकारियों की नियुक्ति चेयरपर्सन द्वारा की जायेगी। अन्य कर्मचारी, जो आवश्यक हों, निदेशक द्वारा नियुक्त किये जायेंगे।

(2) उप-धारा (1) में यथा अन्यथा उपबंधित के सिवाय, संस्थान के अधिकारियों, संकाय सदस्यों और अन्य कर्मचारियों को ऐसी रीति से और ऐसे पदनाम तथा ग्रेड के साथ नियुक्त किया जायेगा जैसाकि नियमों द्वारा विहित किया जाये।

(3) इस अधिनियम के अधीन नियुक्त किये गये संस्थान के कर्मचारी ऐसे वेतन और भत्तों के हकदार होंगे और सेवा की ऐसी शर्तों द्वारा शासित होंगे, जो नियमों द्वारा विहित की जायें।

(4) कोई भी व्यक्ति संस्थान के संकाय सदस्य के रूप में तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद या किसी अन्य केन्द्रीय/राज्य विनियामक निकाय, और यथास्थिति, इस अधिनियम के अधीन बनाये गये विनियमों द्वारा विहित की गयी अर्हताओं को पूर्ण न करता हो और इस अधिनियम के अधीन इस निमित्त गठित चयन समिति द्वारा उसकी सिफारिश नहीं की गयी हो।

(5) संस्थान के आचार्य, सह-आचार्य, सहायक आचार्य और अन्य संकाय सदस्यों की नियुक्ति या पदोन्नति के लिए चयन समिति, निम्नलिखित से मिलकर बनेगी-

(क) निदेशक जो चयन समिति का चेयरपर्सन होगा;

(ख) संकायाध्यक्ष;

(ग) चेयरपर्सन द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जाने वाले तीन विशेषज्ञ; और

(घ) ऐसे अन्य व्यक्ति, जो नियमों द्वारा विहित किये जायें।

(6) इस धारा के अधीन गठित चयन समिति ऐसी प्रक्रियाओं का, जो अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों के अधीन विहित की जायें, अनुसरण करेगी।

(7) चयन समिति द्वारा की गयी कोई भी सिफारिशें, जब तक कि उपस्थित सदस्यों का बहुमत उनका समर्थन न कर दे, विधिमान्य नहीं मानी जायेंगी:

परन्तु उप-धारा (5) के अधीन गठित चयन समिति की दशा में कम से कम दो विशेषज्ञों की उपस्थिति आवश्यक होगी।

(8) जहां चयन समिति उप-धारा (7) के उपबंधों के अनुसार कोई सिफारिश करने में विफल रहती है वहां चयन समिति के कार्यवृत्त चेयरपर्सन को प्रस्तुत किये जायेंगे, जो उसे उस पर अपने विचारों सहित, विनिश्चय हेतु शासी बोर्ड को अग्रेषित करेगा और बोर्ड का विनिश्चय अंतिम होगा।

(9) जहां चयन समिति की सिफारिशें चेयरपर्सन को स्वीकार्य नहीं हों, वहां वह ऐसी सिफारिशों पर आक्षेप के आधारों को संक्षिप्त शब्दों में विनिर्दिष्ट करते हुए, संपूर्ण मामला बोर्ड को निर्दिष्ट करेगा, और उस पर बोर्ड का विनिश्चय अंतिम होगा:

परन्तु चेयरपर्सन के लिए मामले को पुनर्विचार के लिए चयन समिति को निर्दिष्ट करना या मामले पर विचार करने के लिए दूसरी चयन समिति गठित किये जाने की अपेक्षा करना विधिपूर्ण होगा।

अध्याय-6
वित्त और संपरीक्षा

24. राज्य द्वारा सहायता अनुदान.- राज्य सरकार, इस अधिनियम के अधीन संस्थान को उसके कृत्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में समर्थ बनाने के प्रयोजन के लिए इस निमित्त विधि द्वारा राज्य विधान-मंडल के सदन द्वारा किये गये सम्यक् विनियोग के पश्चात्, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में धन की ऐसी राशि, ऐसी रीति से जो वह उचित समझे, संस्थान को संदत्त कर सकेगी।

25. संस्थान की निधि.- (1) संस्थान एक निधि संधारित करेगा, जिसमें निम्नलिखित जमा किये जायेंगे-

(क) राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी समस्त निधियां;

(ख) संस्थान द्वारा प्राप्त समस्त फीस और अन्य प्रभार; और

(ग) संस्थान द्वारा किसी अन्य रीति से या किसी अन्य स्रोत से प्राप्त समस्त निधियां।

(2) संस्थान निधियों के लिए अपने स्वयं के स्रोत सृजित करने का प्रयास करेगा और संचालन प्रारंभ करने के पांच वर्षों के भीतर-भीतर संचालनों पर आत्मनिर्भर होने के उद्देश्य के साथ, राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध की गयी निधियों पर निर्भरता में धीरे-धीरे कमी लायेगा।

(3) संस्थान में जमा की गयी समस्त निधियां किन्हीं अनुसूचित बैंकों में निक्षिप्त की जायेंगी और वित्त और उपापन समिति तथा शासी बोर्ड के अनुमोदन से, ऐसी रीति से जो संस्थान अभिनिश्चित करे, निवेशित की जायेंगी ।

(4) निधि का उपयोग धारा 6 के अधीन यथा उपबंधित शक्तियों के प्रयोग और इसके कृत्यों के पालन में उपगत व्ययों को सम्मिलित करते हुये, संस्थान के व्ययों की पूर्ति करने के लिए किया जायेगा।

26. संस्थान का बजट.- (1) संस्थान, प्रत्येक वर्ष ऐसे प्ररुप में और ऐसे समय पर, जो नियमों द्वारा विहित किया जाये, संस्थान की आगामी प्राक्कलित प्राप्तियों और व्ययों को प्रदर्शित करते हुए आगामी वित्तीय

वर्ष के संबंध में एक बजट तैयार करेगा और उसे राज्य सरकार को, ऐसी रीति से जो नियमों के अधीन विहित की जाये, अग्रेषित करेगा।

(2) बजट उस कालावधि के लिए शासी बोर्ड द्वारा अनुमोदित संस्थागत विकास योजना को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करेगा।

(3) बोर्ड ऐसे निदेशों की, जो राज्य सरकार द्वारा अंतिम रूप से बजट अनुमोदित करते समय दिये जायें, अनुपालना करेगा।

(4) संस्थान के लिए बजट में मंजूर नहीं किया गया कोई व्यय या संस्थान को अनुदत्त की गयी निधियों की दशा में, ऐसे अनुदान के लिए निबंधनों के सिवाय, राज्य सरकार या भारत सरकार, या किसी अंतरराष्ट्रीय संगठन या प्रतिष्ठान या किसी अन्य अभिकरण द्वारा बजट की पश्चातवर्ती मंजूरी उपगत करना विधिपूर्ण नहीं होगा:

परंतु भारत सरकार और राज्य सरकार से भिन्न स्रोतों से निधियां संस्थान द्वारा, केवल विधि के अधीन यथा अपेक्षित, आवश्यक समाशोधन अभिप्राप्त करने के पश्चात् ही प्राप्त की जायेंगी:

